

# पैसे न देने पर गर्भवती महिला रैफर की निजी अस्पताल में हुई नॉर्मल डिलेवरी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में भर्ती गर्भवती महिला के परिजन ने जब डिलेवरी के लिए स्टाफ की पैसों की डिमांड पूरी नहीं की तो आधी रात को गर्भवती महिला को कमलाराजा अस्पताल ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया। परिजन ने ग्वालियर ले जाने के बजाय गर्भवती महिला को शहर के एक निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया, जहां उसका सामान्य प्रसव हुआ।

**प्रसूता के पति ने लगाए आरोप, कलेक्टर से की शिकायत**

मातबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम सांगौली निवासी राजकुमार सिंह गुर्जर पुत्र पंजाब सिंह गुर्जर ने बताया कि 5 फरवरी की रात करीब 2 बजे वो अपनी गर्भवती पत्नी रेनू गुर्जर को प्रसव कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था। मेटरनिटी वार्ड के स्टाफ ने डिलेवरी में देरी होने की बात कहते हुए रेनू को भर्ती कर लिया। 6 फरवरी की दोपहर स्टाफ नर्स ने परिजन को बाजार में अल्ट्रासाउंड कराने को कहा।

अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट नॉर्मल होने पर मेटरनिटी स्टाफ ने डिलेवरी कराने के लिए पैसों की डिमांड परिजन से की। लेकिन परिजन ने पैसे देने से इंकार कर दिया। दिनभर स्टाफ डिलेवरी के लिए टालमटोल करता रहा। रात करीब 12 बजे मेटरनिटी वार्ड के स्टाफ ने गर्भस्थ बच्चे को लेकर तमाम तरह की बातें कहकर परिजन से मरीज को कमलाराजा अस्पताल ग्वालियर ले जाने को कहा। जिसके बाद परिजन गर्भवती रेनू को मुरैना शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचें, जहां रेनू ने 7 फरवरी तड़के करीब 4 बजे सामान्य प्रसव के बाद एक बेटी को जन्म दिया।

**पति ने सिविल सर्जन से की शिकायत, कार्रवाई की मांग**

रेनू का प्रसव होने के बाद उसका पति राजकुमार शनिवार की सुबह जिला अस्पताल पहुंचा। यहां राजकुमार ने सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात की और मेटरनिटी स्टाफ द्वारा प्रसव कार्य में लापरवाही बरतने एवं रूपयों की डिमांड किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच कराने का भरोसा राजकुमार को दिलाया है।

# गांव-गरीब और किसान हितैषी है आमबजट : सांसद चाहर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर शनिवार को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें। आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

**फतेहपुर सीकरी के सांसद का मुरैना आगमन पर हुआ स्वागत**




सांसद राजकुमार चाहर के आगमन पर स्थानीय नैनागढ़ रोड स्थित मिश्रा मैरिज गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि चंबल की भूमि वीरता के साथ अध्यात्म, साहित्य और पुरातत्व संपदा के रूप में पहचानी जाती है। चंबल के युवाओं ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर वीरता और देशप्रेम का परिचय दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में लोकसभा में पेश किए गए आमबजट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि आमबजट पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नीवं रखने वाला साबित होगा। उन्होंने आमबजट को गांव, गरीब और किसानों का हितैषी बताते हुए कहा कि प्रस्तुत आमबजट में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाले प्रावधान जोड़े है। कार्यक्रम में मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डंडौतिया, रामनरेश शर्मा, पूर्व विधायक राकेश मावई, रघुराज कंषाना, जिला महामंत्री सोनू परमार, सुनील जाटव, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिकरवार, मधु डंडौतिया, बृजकिशोर डंडौतिया, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप डंडौतिया, ममता तोमर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किसानों को अधिग्रहीत भूमि का चार गुना मुआवजा मिले : गुर्जर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** ग्वालियर-आगरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए मुरैना जिले के 28 गांवों के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

**डेलीगेशन के साथ कलेक्टर से मिले मुरैना विधायक, उचित मुआवजा देने की मांग**



अधिग्रहीत भूमि के बदले में सरकार द्वारा किसानों को अपेक्षाकृत कम मुआवजा दिया जा रहा है। जिससे 28 गांवों के किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी और आक्रोश है। शासन को चाहिए कि अधिग्रहण की प्रक्रिया की जद में आ रहे 28 गांवों के किसानों को अधिग्रहीत जमीनों के लिए मुआवजे की राशि 4 गुना प्रदान की जाए।

इस मांग को लेकर मुरैना विधायक दिनेश सिंह गुर्जर ने शनिवार को किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में विधायक श्री गुर्जर ने कहा है कि किसानों को अन्य राज्यों की तरह भूमि का मुआवजा बाजार मूल्य से चार गुना नहीं दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसान क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं। उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों की ओर से कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके है। लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। श्री गुर्जर ने कहा है कि जिन गांवों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, उन गांवों में कलेक्टर गाइड लाईन को बीते पांच सालों से बढ़ाया नहीं गया है। जिसकी वजह से किसानों को मुआवजे की राशि में नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होने एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर केन्द्रीय भूमि अधिग्रहण कानून-2013 को लागू किए जाकर बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की है।

## आज पोरसा सिटी फीडर 1 से 6 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना/पोरसा, 7 फरवरी।** आज 8 फरवरी को कस्बा पोरसा में सिटी फीडर क्रमांक-1 पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। मप्र विद्युत वितरण कंपनी के एई इंद्रेश्वर सिंह ने बताया कि 8 फरवरी को मेंटनेंस कार्य के चलते सिटी फीडर क्रमांक-1 पर छह घंटे सप्लाई बंद रहेगी। जिसकी वजह से कस्बे में अंबाह रोड, खंडा रोड, पुराना थाना, गंगाराम वाली गली, तालाब रोड, गोरेलाल की धर्मशाला, मने का पुरा, मोहनपुरा, हमीरपुरा, मंसूर का पुरा आदि क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत कटौती के समय को आवश्यकतानुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है।

# मेवदा में लाठी-फरसों से मारपीट, 2 महिलाओं समेत 5 जख्मी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम हांसई मेवदा में शनिवार को आधा दर्जन की संख्या में आए हमलावरों ने लाठी, फरसा, डंडों से दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मारपीट कर डाली। सभी पांच घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार देवेन्द्र गुर्जर पुत्र सरनाम सिंह गुर्जर नि. हांसई मेवदा ने पुलिस को बताया कि 7 फरवरी को रिंकू गुर्जर पुत्र सुंदर सिंह, बंटी गुर्जर पुत्र दीमान सिंह गुर्जर, मनीष गुर्जर पुत्र पहलवान सिंह गुर्जर, दिलीप सिंह गुर्जर पुत्र विद्याराम सिंह गुर्जर, रवि गुर्जर लाठी, फरसा और डंडे लेकर उसके घर के बाहर आ धमके, उन्होंने बलवीर सिंह गुर्जर 32 पुत्र रामप्रकाश गुर्जर, सत्यवीर सिंह 28 पुत्र रामप्रकाश गुर्जर, सरनाम सिंह 60 पुत्र रामप्रकाश सिंह गुर्जर, महिला रामबेटी गुर्जर 55 पत्नी रामप्रकाश सिंह गुर्जर और श्रीमती नीरज देवी गुर्जर 30 पत्नी बलवीर सिंह गुर्जर की मारपीट कर डाली और जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट से सभी पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** देवगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस ने ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

**ड्राईवर गिरफ्तार, देवगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई**



जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर ने पत्थर के अवैध परिवहन की सूचना दी। पुलिस टीम ने लौहरीपुरा की पुलिया पर चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस टीम ने लाल रंग के महिन्द्रा ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ट्रॉली में पत्थर भरा हुआ पाया गया। ड्राईवर मौके पर ट्रॉली में भरे खनिज पत्थर के संबंध में वैध रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर से पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, प्र.आर. चंद्रशेखर, आरक्षक सुनील शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, आर. चालक जोगेन्द्र सिंह शामिल थे।

# विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में कृषि, आत्मा, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता एवं मत्स्य विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नवाचार अपनाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर सक्रियता, सतत निगरानी एवं लक्ष्य आधारित कार्य आवश्यक है। सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कृषि विभाग के सहायक संचालक अनंत सड़ैया उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक अशोक कौशिक, उपायुक्त सहकारिता श्रीमती अनुभा सूद, मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक कमल नार्वे, पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. बीके शर्मा सहित संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कृषि वर्ष 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले की 478 ग्राम पंचायतों में 10 फरवरी तक कृषि रथ संचालित किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी आरईओ को निर्देश दिए कि वे किसानों से कॉल कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संबंधित जानकारी प्राप्त करें कि उनके खेत की मृदा की जांच की गई है अथवा नहीं तथा इसकी रिपोर्ट सहायक संचालक कृषि को प्रस्तुत करें।

**योजना का प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश**

कृषि यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 94 कस्टम हायरिंग सेंटर, 1385 पंजीकृत यंत्र प्रदाता तथा 10ए480 पंजीकृत किसान हैं। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने परंपरागत खेती के साथ गुलाब की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत मुरैना जिले में बड़े प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना हेतु योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे अधिकाधिक हितग्राही शासन द्वारा उपलब्ध सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने क्षीर धाराए बधियाकरण, मोबाइल वैन, किसान क्रेडिट कार्ड एवं पशुपालन केसीसी योजनाओं के लक्ष्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



# राजघाट पर 1500 ट्रॉली डंप रेत का कराया विनिष्टीकरण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन तथा एसपी समीर सौरभ के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर, सघन एवं प्रभावी संयुक्त कार्यवाही की गई।

चंबल राजघाट भानपुर और पिपरई में 7 फरवरी को वन विभाग, पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुए लगभग 1500 ट्रॉली अवैध चंबल रेत का विनिष्टिकरण किया गया। विनिष्टिकृत रेत का अनुमानित मूल्य 30 लाख रुपये बताया गया है। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की प्रभावी तैनाती रही। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह संयुक्त कार्यवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी। रेत विनिष्टिकरण की प्रक्रिया में 4 जेसीबी और 4 लोडर एवं 1 एलएनटी का उपयोग किया गया। कार्यवाही के दौरान वनमंडलाधिकारी हरिशचंद्र बघेल के नेतृत्व में अतिरिक्त एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, एसडीएम बीएस कुशवाह, जिला खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल, पुलिस लाइन के आरआईए राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के एसडीओ सहित संबंधित राजस्व अमला उपस्थित रहा।

## एक नजर में

### मधुकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के जिला सचिव बने



**मुरैना, 7 फरवरी।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिनेश डंडौतिया ने युवा समाजसेवी मधुकर शर्मा उर्फ टीटू को संगठन में जिला सचिव का दायित्व सौंपा है। अपने मनोनयन पर मधुकर शर्मा ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्होंने संगठन एवं समाज हित में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया है। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मधुकर शर्मा को बधाई दी है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है शिक्षा : परिहार

**मुरैना।** जन शिक्षा केन्द्र गुढ़ा चंबल में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन विगत दिवस किया गया। इस बैठक में जनशिक्षक पवन सिंह परिहार मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्री परिहार ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जैसे आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जाना, गतिविधि आधारित शिक्षण, कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सहयोग कक्षाएं तथा समय-समय पर मूल्यांकन। बैठक में जितेंद्र शर्मा, अंजू राठौर, प्रेमचंद गौड़, गजेंद्र सिकरवार, सुरेंद्र छारी, शिल्पी मोरे, सपना सिकरवार, ज्योति गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



# चार-पांच मंजिला बना रहे मकान, नगर में नहीं फायर ब्रिगेड से आग बुझाने की सुविधा






**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 7 फरवरी।** सबलगढ़ नगर में चार-पांच मंजिला दमकल (फायर ब्रिगेड) की सुविधा न होने की स्थिति में, पांच मंजिला मकान का निर्माण करना एक गंभीर सुरक्षा जोखिम हो सकता है ऐसे मामलों में, यदि आग लगती है तो स्थानीय संसाधनों पर ही निर्भर रहना पड़ता है जबकि सबलगढ़ नगर पालिका पर आग बुझाने की सुविधा तीन मंजिला तक ही उपलब्ध है शुक्रवार सुबह जानकारी मिली कि नेशनल बिल्डिंग कोड और अग्नि सुरक्षा के विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी परिस्थितियों में निम्नलिखित सावधानियां और सुरक्षा उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक हैं अनिवार्य सुरक्षा उपाय चौड़ी सीढ़ियां और निकास सीढ़ियों की चौड़ाई कम से कम 1.5 मीटर होनी चाहिए, ताकि आपातकाल में लोग आसानी से बाहर निकल सकें फायर सेफ्टी एनओसी 15 मीटर (लगभग 5 मंजिल) से ऊँची इमारतों के लिए, नगर निगम या स्थानीय प्रशासन से फायर एनओसी लेना अनिवार्य है ऐसी सामग्री का उपयोग करें जो आग के प्रति प्रतिरोधी हो। सक्रिय अग्नि सुरक्षा उपकरण अग्निशामक यंत्र हर मंजिल पर पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्विशर (सीओटू पानी, या फॉर्म वाले) होने चाहिए। होज रील हर मंजिल पर होनी चाहिए, जो सीधे पानी की टंकी से जुड़ी हो पानी का भंडारण छत पर कम से कम 25,000 लीटर का पानी का टैंक केवल अग्निशमन के लिए आरक्षित होना चाहिए स्मोक डिटेक्टर बिल्डिंग में स्मोक और फायर अलार्म सिस्टम लगाना चाहिए

**नगर के जन प्रतिनिधि एवं नगर प्रशासन का नहीं कोई ध्यान**

यदि नगर में फायर ब्रिगेड में सुविधा नहीं है, स्वयं सहायता समूह (आस-पड़ोस के लोगों के साथ एक 'आग सुरक्षा टीम' बनाएं स्थानीय पानी का टैंकर आपातकालीन स्थिति के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करें।

**नहीं हैं आग बुझाने के इंतजाम**

निकटतम फायर स्टेशन की सूची :सबसे पास के शहर, जहाँ फायर स्टेशन है, उनका नंबर हमेशा पास रखें। 4 .कानूनी और संरचनात्मक पहलू है नियमों का पालन, सुनिश्चित करें कि निर्माण अवैध न हो तंग गली में 4-5 मंजिला इमारत न बनाएं, क्योंकि वहां दमकल की गाड़ी नहीं पहुँच सकती निरीक्षण, स्थानीय नगर पालिका के इंजीनियरों से निर्माण का निरीक्षण कराए 5 मंजिल की इमारत में आग लगने पर, लिफ्ट का उपयोग कभी न करें और आग लगने की स्थिति में सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें इन सुरक्षा उपायों का पालन न करना जान-माल के लिए बड़ा खतरा बन सकता चार-पांच मंजिला मकान बनते जा रहे हैं लेकिन आग बुझाने की इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं सीएमओ सुरेश गोयल का कहना हमारे पास दो-तीन मंजिल तक भी आग बुझाने के इंतजाम नहीं हैं।